हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026

06 सीएम ने उदयपुर में नीलकंठेश्वर महादेव का...



09 पुलिस की टीमें गठित कर आरोपी की तलाश सतत...





## खबर संक्षेप

### नाक, कान, गला रोग निदान शिविर आज

**विदिशा।** सेवा भारती भवन कृष्णा कॉलोनी में आज रविवार को सुबह 11 बजे से नाक, कान, गला रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिल्ली की वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मीना अग्रवाल द्वारा पूर्व पंजीकृत मरीजों की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. हेमंत विश्वास ने नाक, कान एवं गला रोग से पीड़ित मरीजों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### पांच स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**विदिशा।** वर्ष 2025-26 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष होने के अवसर पर नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार 11 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से विदिशा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन नगर के पांच प्रमुख स्थान गंगा मैरिज गार्डन रॉयल सिटी गार्डन, सिंहवाहिनी मंदिर होमगार्ड कार्यालय के पास, अभिनंदन गार्डन तथा गोवर्धन गार्डन रायपुरा विद्यालय के सामने में संपन्न होगा। आयोजकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### शेरपुरा चित्रगुप्त मंदिर में आज होगा रक्तदान

**विदिशा।** कायस्थ सभा एवं समस्त कायस्थ समाज द्वारा विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में रविवार को शेरपुरा स्थित कायस्थ सामज की धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर दोपहर 12 बजे से ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित होगा। इस दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। शिविर के बाद समाज की खेल प्रतिभाओं एवं चित्रगुप्त मंत्र साधकों का भी सम्मान होगा।

### जिला क्षय रोग संघ की कार्यकारिणी गठित हुई

**विदिशा।** भारतीय रेड क्रास सोसाइटी ब्लड बैंक भवन, नगरपालिका प्रांगण के सभाग्रह में जिला क्षय रोग संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में डॉ. सचिन गर्ग चेयरमेन, डॉ. सुरेन्द्र सोनकर को मानसेवी सचिव, डॉ. श्रेयष पीतलिया को कोषाध्यक्ष एवं मार्गदर्शक सदस्यों में डॉ. एसएन गुप्ता, डॉ. आरसी सोनकर, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. एमके जैन, कार्यालय सेक्रेटरी दीपक रत्नाकर को मनोनीत किया गया। बैठक में , डॉ. व्हीपी मेहरा, सह सचिव डॉ. जीके माहेश्वरी, अमित दुबे, पीआर शर्मा मौजूद रहे।

### कवि लेखक समागम का आयोजन आज होगा

**विदिशा।** साहित्यिक संस्था प्रयास के द्वारा कवि लेखक समागम 11 जनवरी को होगा। जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक भोपाल रोड कामरेड माधोसिंह के निवास पर होगा। प्रथम सत्र में नोबेल सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के जन्मदिवस के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गोष्ठी होगी। द्वितीय सत्र में जिले के साहित्य क्षेत्र में योगदान हेतु सैफी सिरोंजी, जयनारायण मेहता, प्रेम प्रकाश चौबे, रामकिशन असहाय एवं डॉ. कमल चतुर्वेदी को सम्मानित किया जाएगा।

### उदयगिरि में पर्यटन शिविर लगाया गया

**विदिशा।** मप्र ईको पर्यटन बोर्ड द्वारा ईको पर्यटन केंद्र उदयगिरि में जागरूकता शिविर एवं अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव ने किया। शिविर में छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गीता कैलाश रघुवंशी रहे।

---

कांग्रेस का मनरेगा बचाओ आंदोलन, सड़कों से संसद तक विरोध का ऐलान, फरवरी में विधानसभा घेराव की तैयारी

# मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ कांग्रेस की हुंकार, 45 दिन का जन आंदोलन शुरू

- मनरेगा में केंद्र का अंशदान 90% से घटाकर 60% करने से 40% का बोझ राज्यों और मजदूरों पर पड़ेगा।

- भोपाल में विधानसभा घेराव की रणनीति बनाई जाएगी।



**विदिशा।** मनरेगा बचाओ आंदोलन की प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा एवं अन्य कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर किए जाने के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने **मनरेगा बचाओ आंदोलन** की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और सड़कों से लेकर संसद तक विरोध का ऐलान किया।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि मनरेगा भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और योजना को कमजोर करने का प्रयास गरीबों, बेरोजगारों और ग्रामीण मजदूरों के हितों पर कुठाराघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान राम के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग कर जनता को गुमराह कर रही है और महात्मा गांधी के प्रति अपनी नफरत उजागर कर रही है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया वीबीजी रामजी अधिनियम ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा में केंद्र का अंशदान 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे शेष 40 प्रतिशत का बोझ राज्यों और मजदूरों पर पड़ेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल सिलाकारी ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और अहंकार का आरोप लगाया और कहा कि इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 12 से 29 जनवरी तक पंचायत प्रतिनिधियों व मनरेगा मजदूरों से संवाद किया जाएगा, 30 जनवरी को ब्लॉक स्तर पर धरना, 31 जनवरी से 6 फरवरी के बीच जिला स्तरीय प्रदर्शन और 7 से 15 फरवरी के मध्य भोपाल में विधानसभा घेराव की रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस ने साफ किया कि जब तक सरकार अपने फैसले वापस नहीं लेती, संघर्ष जारी रहेगा। प्रेस वार्ता में गोविंद भार्गव, अरुण अवस्थी, रूप सिंह किरार, सुशील शर्मा एडवोकेट, नवनीत कुशवाहा, श्याम रघुवंशी, मुकेश रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, गोलू रघुवंशी, अनिकेत सेन सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

### विकास के नाम पर प्रदूषण, बीमारियां और आपदाएं दी जा रहीं: शर्मा

पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने प्रदेश की जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि इंदौर सहित कई क्षेत्रों में दूषित और काले पानी की सप्लाई से मौतें तक हो रही हैं। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और नियमों को ताक पर रखकर विकास के नाम पर जनता को प्रदूषण, बीमारियां और आपदाएं दी जा रही हैं। यह सब कॉरपोरेट लालच और सरकार की मिलीभगत का परिणाम है।

शमशाबाद में निकली किसान जनआंदोलन यात्रा

## किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

प्रदेशव्यापी अभियान के तहत सतपाड़ा हाट से गांव-गांव पहुंची यात्रा, समर्थन मूल्य बढ़ाने उठाई आवाज




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

*मप्र कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा के तहत शमशाबाद विधानसभा में ब्लॉक सतपाड़ा हाट से यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा लखार, नादिया, करमेड़ी और गोलना गांवों तक पहुंची। यात्रा के दौरान किसानों ने बढ़ती खेती लागत के अनुरूप फसलों के उचित समर्थन मूल्य की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य चैतन्य विक्रम सिंह ने कहा कि यह आंदोलन किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए है। उन्होंने गेहूं-धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मक्का की अनिवार्य खरीदी, नकली बीज-खाद पर सख्त कार्रवाई, खाद की समय पर उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा, लैंड पूलिंग एक्ट समाप्त करने, किसानों पर दर्ज झूठे प्रकरण रद्द करने और जंगली जानवरों व आवारा मवेशियों से फसल नुकसान पर मुआवजे की मांग रखी। यात्रा प्रभारी रमेश तिवारी ने कहा कि डीजल, खाद, दवा और कृषि यंत्रों की बढ़ती कीमतों से किसान संकट में है। यात्रा में जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष चैतन्य विक्रम सिंह, रामसेवक रघुवंशी, सेवादल अध्यक्ष अनुज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।*

---

## युवक टावर पर चढ़ाः मकान नहीं तोड़ने की सहमति के बाद 150 फीट से सुरक्षित उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** टावर पर चढ़े व्यक्ति को उतारने करनी पड़ी मशक्कत।

शमशाबाद तहसील के ग्राम वर्धा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तनाव की स्थिति बन गई। एक युवक विरोध करते हुए गांव में लगे 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। ग्राम वर्धा निवासी बलवीर धाकड़ ने लगभग एक माह पहले अपने खेत का सीमांकन कराया था।

सीमांकन में उनकी भूमि पर मनफूल धाकड़ का कच्चा मकान अतिक्रमण में पाया गया। इसी आधार पर शुक्रवार को तहसीलदार शमशाबाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे, ताकि अतिक्रमण हटाकर भूमि मालिक को कब्जा दिलाया जा सके। प्रशासनिक अमले के पहुंचते ही मनफूल धाकड़ ने मकान हटाने का विरोध शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन ने मकान नहीं हटाया, लेकिन आसपास की खुली जमीन पर तार फेंसिंग कर दी। इससे नाराज होकर मनफूल धाकड़ गांव में स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नीचे उतरने से इनकार कर दिया। एसडीएम अजय पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मकान नहीं तोड़ने की मांग पर अड़ा रहा। डेढ़ घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद भूमि मालिक ने फिलहाल कच्चा मकान नहीं हटाने पर सहमति जताई।

## इंडियन नेवी और उदयपुर की शानदार जीत, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। प्रतियोगिता में पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल पहुंचे।

कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित 56वीं अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए दोनों मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। प्रतियोगिता के दौरान मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। दिन के पहले मैच में इंडियन नेवी ने गुजरात को बड़े अंतर से हराया। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन नेवी ने 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। टीम के कप्तान अंशुल गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 गेंदों में 11 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। मोहित जांगड़ा (38) और शमशेर (26) ने भी अहम योगदान दिया। जवाब में गुजरात की टीम 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 129 रनों पर सिमट गई। इंडियन नेवी की ओर से विशाल गौर ने 3 विकेट लिए, जबकि शमशेर और नितिन को 2-2 सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कप्तान अंशुल गुप्ता को दिया गया।

### दूसरा मुकाबलाः उदयपुर बनाम सागर डिवीजन

दूसरे मैच में उदयपुर ने सागर डिवीजन को 35 रनों से पराजित किया। उदयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट पर 183 रन बनाए। हितेश पटेल ने मात्र 19 गेंदों में 47 रनों की विस्फोटक पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सागर डिवीजन की टीम 148 रनों पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में भी हितेश पटेल ने 3 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच बने। आज रविवार को पहला मैच उदयपुर बनाम फरीदाबाद तथा दूसरा मैच इंडियन नेवी बनाम चंडीगढ़ खेला जाएगा।

## एमपी कबड्डी टीम में अर्चना चयनित



**विदिशा।** जिले की प्रतिभाशाली कबड्डी खिलाड़ी अर्चना किरार का तीसरी बार मध्यप्रदेश सीनियर सर्कल स्टाइल कबड्डी टीम में चयन हुआ है। अर्चना उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित होने वाली 19वीं सीनियर सर्कल स्टाइल कबड्डी चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतियोगिता 10 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। अर्चना पिछले तीन वर्षों से लगातार सीनियर सर्कल नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की ओर से खेल रही हैं। उनका चयन निरंतर मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।अर्चना की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक एवं जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, जिला कबड्डी संघ सचिव शिवनारायण शर्मा, खेल विभाग के डीएसओ प्रदीप रावत सहित उनकी कोच ज्योति ठाकुर, अजय चौहान एवं लोकेंद्र सोलंकी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तहसीलदार ने रामघाट के रास्ते का अतिक्रमण हटवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



बेतवा तट स्थित प्राचीन रामघाट के रास्ते पर अतिक्रमण की जांच के लिए सोमवार को तहसीलदार प्रीति पंथी नपा की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची।

उन्होंने रास्ते पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया। वहीं रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर रास्ते को सुचारू कराया। तहसीलदार ने बताया कि सोमवार को जमीन का सीमांकन किया जाएगा। रामघाट जाने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि बेहराबाबा घाट की ओर से पुलिया टूटी पड़ी है। वहीं गुठान की ओर से प्राचीन रास्ते को बंद कर देने से उन्हे रामघाट जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं ने अधिकारियों से जांच कर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

## शहर से लगी हर्ष विहार कॉलोनी में दिखा तेंदुआ, पुलिस ने किया सतर्क

### एक दिन पहले गुलाबगंज रोड पर हथियाखेड़ा में भी दिखा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को शहर से सटी हर्ष विहार कालोनी में तेंदुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं एक दिन पहले गुलाबगंज क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी से दहशत का माहौल है।

शनिवार को तेंदुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद वन विभाग सतर्क हो गया। यह वीडियो शुक्रवार रात गुलाबगंज–विदिशा रोड पर ग्राम हथियाखेड़ा के पास का बताया जा रहा है। वीडियो बनाने वालों का दावा है कि तेंदुआ चक्क खेजड़ा की ओर नाले में उतर गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि की और तलाश शुरू की। वन विभाग के अनुसार जिले में पिछले कुछ महीनों से तेंदुए की आवाजाही बनी हुई है। हाल के दिनों में तेंदुए ने बछड़ों, गायों और बकरियों का शिकार किया है। खेती के मौसम और रात में खेतों में रुकने की मजबूरी के चलते किसान चिंतित हैं। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने सतर्क रहने की अपील की है।

तीन दिवसीय स्थापना दिवस शुरू, बेतवा उत्थान समिति ने निकाली रैली

# बेतवा नदी पर श्रमदान के 23 साल पूरे हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




बेतवा नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए बेतवा उत्थान समिति द्वारा पिछले 23 वर्षों से श्रमदान किया जा रहा है। समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

पहले दिन माधवगंज से नीमताल तक एक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली समिति और विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इसमें समिति के सदस्य, पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, कॉलेज छात्र, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। रैली माधवगंज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नीमताल पहुंची। बेतवा उत्थान समिति का गठन वर्ष 2003 में हुआ था, और तब से यह श्रमदान के माध्यम से नदी के घाटों के निर्माण, सफाई और संरक्षण का कार्य कर रही है।

### बेतवा में नालों के मिलने की समस्या बढ़ गई

समिति अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया कि बेतवा नदी में नालों के मिलने की समस्या बढ़ गई है। पहले जहां दो नाले नदी में मिलते थे, अब उनकी संख्या बढ़कर छह हो गई है। गोयल ने आशंका जताई कि हाल ही में इंदौर में हुई घटना जैसी स्थिति विदिशा में न बने, इसके लिए समय रहते ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने नपा से जल आपूर्ति में क्लोरीन की मात्रा बढ़ाने और नालों को सीधे बेतवा नदी में मिलने से रोकने की मांग की, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल सके। कार्यक्रम में वक्ता पूनम भार्गव ने कहा कि बेतवा नदी को लेकर केवल चर्चा नहीं, बल्कि ठोस समाधान की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से जल संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। समिति आगामी दो दिनों तक श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

**PRESTIGE COLLEGE OF PHARMACY**

Approved By PCI & Affiliated By RGPV Bhopal
Gram Sukha - Semra, Ashoknagar Road Vidisha
Contact : 7587512000, 07592-443751

Recruitment Walk In Interview for B-Pharma & D-Pharma

| S.no. | Post | Qualificaton | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 01 | Professor | M. Pharma | 04 |
| 02 | Assistant Professor | M. Pharma | 05 |
| 03 | Lecturer | B. Pharma / M. Pharma | 09 |
| 04 | Lab Technician | D. Pharma / B.Sc | 02 |
| 05 | Librarian | M. Lib. / B. Lib | 02 |

Walk in Interview on
12 Jan 2026 & 13 Jan 2026 between 11.00 am to 4.00 pm

Note : 1. Qualification & Rules / Regulations as per PCI.
2. Candidate Should Submit online applicaton at prestige.vidisha@gmail.com
3. Both Freshers and Experiened Candidates are Eligible to apply for the above Posts.

Secretary / Director - Mr. Narendra Singh

## खबर संक्षेप

### आज मानस रत्न का होगा उद्बोधन



**गंजबासौदा।** नगर में हिन्दू समाज को संगठित करने एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त करने के उद्देश्य से सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन मानस भवन, पुराना मेला ग्राउंड में आयोजित होगा। सम्मेलन में मानस रत्न पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री का प्रेरक उद्बोधन होगा। वे अपने विचारों के माध्यम से समाज को सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता एवं राष्ट्रहित के मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश देंगे। आयोजन के पश्चात प्रसादी वितरण एवं भंडारे का भी आयोजन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। यह सम्मेलन संगठित हिन्दू समर्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाजजनों से शामिल होने की अपील की गई है। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### पुरस्कार वितरित किए

**गंजबासौदा।** आचार्य विद्या वैली हायर सेकंडरी स्कूल, सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों केडीएम कॉलेज के सानिध्य में संपन्न हुई प्रतियोगिता के उपरांत शनिवार को विद्यालय में पुरस्कार वितरण किए गए। जिसमें आचार्य विद्या वैली से कक्षा 12 वी की छात्रा सौम्या जैन ने विद्यालय में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर आराध्य जैन रहे। सुभाष निकेतन में प्रथम स्थान पर रेणुका गुर्जर एवं द्वितीय स्थान पर रिया कुर्मी एवं सरस्वती शिशु मंदिर से प्रथम स्थान पर दिशा रघुवंशी एवं द्वितीय स्थान पर रीना परिहार रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य जेएन मेहता, प्रदीप श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय से प्रणय जैन, पंकज जैन, अशोक जैन, सत्येंद्र राजपूत एवं प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना , कैलाश व्यास, सुनील कुशवाहा, अखिलेश श्रीवास्तव, मुस्कान शर्मा सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु

**गंजबासौदा।** मोनी हार्डवेयर वाली गली में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के षष्टम दिवस में पंडित सुनील शास्त्री ने शनिवार को कथा में गोवर्धन पूजन का व्याख्यान तथा गोवर्धन परिक्रमा का विस्तार से वर्णन किया। शास्त्री ने बताया भगवान कृष्ण राधाजी को मनाने के लिए किस प्रकार मल्हारी का भेष बनाते हैं और बरसाना गांव को जाते हैं तो उनको प्रसन्न करते हैं तथा समस्त गोपियों के साथ रास रचाते हैं तथा इस रस में भगवान शंकर आने के लिए माता पार्वती से हठ करते हैं और गोपी के रूप में भगवान की रास लीला में आते हैं तथा नृत्य करते हैं। अंत में कृष्ण रूक्मणी विवाह संपन्न हुआ।

## स्वाभिमान पर्व पर मुख्यमंत्री पहुंचे उदयपुर, शिल्पकला देखकर हुए प्रभावित

# सीएम ने उदयपुर में नीलकंठेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुजरात के सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वाभिमान पर्व की श्रृंखला के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे बासौदा तहसील अंतर्गत उदयपुर पहुंचे। उन्होंने यहां 11 वीं शताब्दी में निर्मित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पंडित नवीन कृष्ण शास्त्री एवं पंडित देवेंद्र भार्गव सहित आचार्यों के मार्गदर्शन में विधिवत शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पूजन-अर्चन और मंत्र जाप किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर गर्भगृह में पंचाक्षर मंत्र के साथ रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद रहकर पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से नीलकंठेश्वर मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और शिल्प-कला की जानकारी ली। लगभग एक हजार से अधिक वर्ष पुराने इस शिव मंदिर की नक्काशी और स्थापत्य को उन्होंने अद्भुत बताते हुए धार्मिक-पुरातात्विक दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण धरोहर बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर आज राष्ट्र की आस्था का केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्जैन का महाकाल लोक और काशी का विश्वनाथ धाम भी भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। देवालय सुरक्षित और सुदृढ़ होंगे तो हमारी संस्कृति की धारा स्वतः मजबूत होगी। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सोमनाथ से शुरू किया गया देवस्थानों के पुनरुत्थान का अभियान वंदनीय है। यह केवल पत्थरों का निर्माण नहीं, बल्कि हजार साल पुराने आघातों को धोकर भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना और भविष्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने का संकल्प है।

मंदिर में पूजन अर्चन के बाद परिसर में मौजूद मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि 1000 साल पुराने नीलकंठेश्वर मंदिर जैसी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए पुरातत्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर योजनाएं बनाई जाएंगी। जिससे उदयपुर को धार्मिक पर्यटन और पुरातत्व अध्ययन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगल, आक्रांताओं के दौर में खंडित होने के बावजूद नीलकंठेश्वर मंदिर का आज तक खड़ा रहना हमारी संकल्प शक्ति का प्रमाण है। इसे और बेहतर रूप में विकसित किया जाएगा। पुरातत्व विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वय से उदयपुर को धार्मिक पर्यटन और पुरातत्व जिज्ञासुओं के लिए विशेष तीर्थ के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में जनसमूह उदयपुर में मौजूद रहा।



गंजबासौदा। भगवान नीलकण्ठेश्वर महादेव की पूजन अर्चन करते सीएम।



गंजबासौदा। उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री।



गंजबासौदा। विधायक हरिसिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर दी शोक संवेदनाएं।



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण।

### मुख्यमंत्री ने विधायक के निवास पहुंचकर जताई शोक संवेदना

**गंजबासौदा।** नगरागमन पर मुख्यमंत्री कृषि उपज मंडी में बने हेलिपेड से कार द्वारा उदयपुर पहुंचे, जहां बासौदा सहित अन्य क्षेत्रों के भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उदयपुर प्रवास के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधायक हरिसिंह रघुवंशी के निवास पहुंचे और उनकी माताजी के देहावसान पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर विधायक रघुवंशी ने रघुवंशी समाज द्वारा मृत्यु भोज की परंपरा को सीमित किए जाने के निर्णय की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक सुधार की दिशा में सराहनीय और अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सांसद लता वानखेड़े, विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, कप्तान सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नितिन यादव, भाजयुमो के अनुज यादव, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी, एसडीएम संतोष बिटोलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, जनपद सीईओ तपस्या जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## वेदांत आश्रम में मनाया गया जगद्गुरु रामानंदाचार्य का प्रकटोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सनातन धर्म के युग पुरुष, समरसता के आधार स्तंभ, जात-पात की लकीर को तोड़ने वाले जगद्गुरु रामानंदाचार्य का 726 वां प्रकटोत्सव जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ साथ अनेक सांस्कृतिक आयोजन भी संपन्न हुए।

श्रीमद्जगद्गुरु रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज द्वारा स्थापित वेदांत आश्रम संस्कृत उमा विद्यालय में जगतगुरु रामानंदाचार्य के प्रकटोत्सव मौके पर रामानंदाचार्य चालीसा का पाठ, पूजन और आरती संपन्न हुई। इसके बाद सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर संस्कृत और वेदवाणी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफल विजेताओं को सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सायं कालीन समय में आयोजित भजन संध्या में राम भक्ति और गुरु महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान संतों और विद्वानों के उद्बोधन भी हुए। अपने उद्बोधन में वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि भगवान रामानंदाचार्य का अवतरण समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पवन पुण्य भारत भूमि पर हुआ था। उन्होंने कबीर, रैदास, धन्ना, पीपा जैसे शिष्यों को स्वीकार कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाओं से भक्ति आंदोलन को नई दिशा मिली और यह जन आंदोलन के रूप में विकसित हुआ। उनका नाम एक ऐसे महापुरुष के रूप में अंकित है, जिन्होंने न केवल भक्ति मार्ग को जन-जन तक पहुँचाया, बल्कि "जगतगुरु" की जीवंत परंपरा को भी स्थापित किया। उनका जीवन आध्यात्मिक साधना, सामाजिक समरसता और गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा का अनुपम उदाहरण है। आश्रम के वेदाचार्य शिवशंकर पांडेय ने कहा कि स्वामी रामानंदाचार्य महाराज ने सवर्णों के साथ-साथ अंत्यज वर्ग को भी दीक्षा देकर गुरु परंपरा की उदारता को स्थापित किया। संत कबीर को दीक्षा देने का प्रसंग बताते हुए उन्होंने कहा कि संत कबीर ने जीवन भर जाति-पांति, ऊंच-नीच और पाखंड का विरोध किया और अपनी आध्यात्मिक शक्ति का श्रेय अपने गुरुदेव को दिया। आयोजन में सौरभ सुहाने, आचार्यगण, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नगर के पूर्व एसडीएम विजय राय उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि विधान के साथ भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती की पूजन अर्चन की। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पंचतत्व के सुरेन्द्र सिंह दांगी, विजय अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पूर्व पार्षद योगेन्द्र समैया, तहसीलदार अरविंद यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### अनुशासित जीवन अशांत नहीं हो सकता : शुक्ला

**गंजबासौदा।** एलबीएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता बीएड कॉलेज के उप प्राचार्य लक्ष्मी नारायण शुक्ला ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्रियां जीवन नहीं बनाती हैं। जीवन अनुशासन से बनता है। युवाओं के मस्तिष्क का विकास करने राष्ट्रीय सेवा योजना जैसी योजनाएं सरकारों ने शुरु की है। जैसे खाने में स्वाद के लिए विविध भोग तैयार करते है, उसी प्रकार की जीवन में उन्नति के लिए विविध गुणों की आवश्यकता होती है। संस्था के प्राध्यापक सत्यम शर्मा ने बच्चों से आह्वान किया के प्राकृतिक पर्यावरण सुधारने के साथ सामाजिक प्रदूषण सुधारने का संकल्प लें। उन्होंने कई उदाहरणों से वर्तमान समाज की बुराईयों से बचने और समाज को बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी नम्रता अरोरा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी ऐवन सिंह विश्वकर्मा ने पर्यावरण पर लिखे गीत का गायन करवाया। स्वयंसेविका सेजल नामदेव ने संचालन किया। बस्ती में श्रमदान कर सफाई अभियान भी चलाया गया।

## सेंट एसआरएस में मतदान अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में भी मतदाता अभियान के तहत 18 साल पूर्ण किए नव मतदाता के रूप में शामिल होने जा रहे छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर शासकीय, अशासकीय स्कूलों में एसआईआर योजना के तहत नवागत मतदाताओं का पंजीयन कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा है। जिसमें 18 साल पूर्ण कर चुके युवक युवतियों को एसआईआर के फॉर्म वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव द्वारा छात्रों को आवेदन वितरित कर उसे भरने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल सहित शिक्षकों ने साथ में संलग्न दस्तावेजों की जानकारी दी। तत्पश्चात इनके मतदाता परिचय पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। दिनकर कद्रे, गोविंद कुशवाह, विक्रम सिंह, रंजू राठोर, दीपाली राजपूत ने भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

## मुख्यमंत्री वेदवाणी सुन हुए मंत्र मुग्ध, छात्रों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नीलकण्ठेश्वर महादेव की पूजन अर्चन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंदिर परिसर स्थित मंदिर के प्राचीन मंडपम में पहुंचे, जहां वेदांत आश्रम के वेदपाठी विद्यार्थियों द्वारा संगीतमय लय बद्ध होकर एक स्वर में उच्तचारित की जा रही वेद मंत्रों की ध्वनि को सुनकर मंत्र मुग्ध हो गए। मुख्यमंत्री स्वयं कुछ देर विद्यार्थियों के साथ जमीन पर बैठे-बैठे संकीर्तन जाप करते रहे। विद्यार्थियों को प्रणाम करते हुए वेदवाणी की प्रस्तुति पर उनकी प्रशंसा की। इस दौरान आश्रम के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से आश्रम परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने वेदपाठी विप्र बटुकों को 2100 रुपए एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने 1100 की राशि भेंट की। पटेल ने विद्यार्थियों से ओम नमः शिवाय का जाप सुनने की की इच्छा प्रकट की जिसे विद्यार्थियों ने तुरंत ही पूरा किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की शिक्षा, दीक्षा की प्रशंसा की।





## श्रीराम लीला मेले में हो रहा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बासौदा ए विजेता, भोपाल उप विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों नगरपालिका के श्री रामलीला मेले में अनेक खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं। शनिवार को पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता का शुभांरभ किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें सागर, ताल, सियालपुर, मढ़िया, देवली, गंज, स्टार क्लब बासौदा, बासौदा ए एवं बी सहित अनेक टीमें शामिल रहीं। पहला सेमीफायनल भोपाल और मण्डी बामौरा के बीच हुआ, जिसमें भोपाल विजेता रहा। दूसरा सेमीफायनल बासौदा ए और गूदनखेड़ी के बीच हुआ जिसमें बासौदा ए विजेता रही। फायनल मुकाबला भोपाल और बासौदा ए के बीच हुआ। जिसमें बासौदा ए विजेता एवं भोपाल उप विजेता रही। प्रतियोगिताएं देखने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं।

### विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर सम्राट अशोक को एड एकेडमी, हायर सेकंडरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, युवा दिवस का उद्देश्य, सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार के बारे में बताया एवं इसी दौरान एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने साइबर अपराध व उनसे बचाव, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में जानकारी दी। शिविर में सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह, मनोज कुशवाहा, कीर्ति कुशवाह, राहुल दांगी, अर्पित गोयल, नारायण सिंह प्रजापति, ज्योति साहू, हैड कांस्टेबल जितेंद्र दांगी सहित समस्त स्कूल स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन पर डाला गया प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति पीजी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत महाविद्यालय में सेवा सप्ताह 5 से 12 जनवरी तक मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन तथा प्रभारी डॉक्टर कंचन वैद्य के नेतृत्व में मनाया जा रहा है।

इस सेवा सप्ताह अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित संवाद कार्यक्रम, वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं स्वच्छ राष्ट्र स्वस्थ समाज अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता संदेश, पोस्टर निर्माण किया गया। सेवा सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्त समाज के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य जागरूकता रैली अर्थात जन जागरूकता रैली भी महाविद्यालय द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉक्टर दिलीप गुप्ता, डॉक्टर विकास, अर्चना चौधरी, घनश्याम चौकसे, सौरभ विश्वकर्मा, डॉक्टर शिवानी बिश्नोई, डॉक्टर सुनील पाटीदार, डॉक्टर बिंदेश शुक्ला, जेपी मेहरा सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ शामिल रहा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में 18 वर्ष की आयु प्राप्त हो चुके विद्यार्थियों जिनका वोटर आईडी नहीं है, उनको फॉर्म 6 प्रदान किया जा रहा है, जिसके माध्यम से वे अपना वोटर आईडी बनवा सके। इस हेतु महाविद्यालय में 9 और 10 जनवरी को कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष हो चुकी है तथा जिनके वोटर आईडी नहीं है। उनका वोटर आईडी बनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के ईएलसी क्लब के माध्यम से किया जा रहा है।

**सार्वजनिक-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम कुराबद, तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र. के 01- विनोदकुमार अमर आत्मज श्री राधेकृष्ण अमर जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम कुरावद हाल मुकाम मकान नं. 33. सी. आई. इन्क्लेव चूनाभट्टी, कोलार रोड़, भोपाल, जिला भोपाल म.प्र., के मालिकाना स्वत्व एवं कब्जे की ग्राम कुरावद तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. स्थित आराजी सर्वे क्र. 31 रकबा 0.125 है. एवं आ.सर्वे.क्र. 120/1/1 रकवा 2.729 हे. कुल किता 2. कुल रकवा 2.854 हे. भूमि को एवं 02- विजयकुमार अमर आत्मज राधेकृष्ण जाति ब्राम्हण के मालिकाना हक व स्वत्व व कब्जे की आरजी सर्वे क्र. 118 रकवा 0.094 हे. एवं आ. सर्वे क्र. 120/1/2 रकबा 2.760 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकवा 2.854 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार श्री लालजी आत्मज स्व. भूरेलाल निवासी 172-शाहपुरा गांव दुर्गा मंन्दिर के पास दुर्गाचौक हुजूर भोपाल, जिला भोपाल म. प्र. के द्वारा बयाना राशि देकर क्रय करने का अनुबंध किया है, तथा शेष राशि दिनांक 06/02/2026 को या तक अदा कर, रजिस्टर्ड विकयपत्र निष्पादित किये जायेंगें उपरोक्त वर्णित भूमियों के हस्तांतरण/विक्रय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा संस्था, किसी भी बैंक अथवा अन्य ऋण-भार कर्जदाता को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो, वह मुझसे अथवा मेरे पक्षकार से समस्त उचित व पर्याप्त आधार साक्ष्य सहित सम्पर्क कर अपनी दावा/आपत्ति इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय अथवा पक्षकार के समक्ष प्रस्तुत करे वाद गुजरने मियाद् दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा तथा अनुबंध अनुसार विकयपत्र निष्पादित कराया जायेगा ।

**प्रकाश शर्मा** एडवोकेट वरेठरोड़, लड्डा ऐजेंन्सी वाली गली, वार्ड नं.06, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र. मोवा. नं. 9981026469

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार संघ के चुनाव संपन्न, तोषमणी पंथी बने अध्यक्ष



**सिरोंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमणी पंथी कन्ना भैया को सिरोंज ठेकेदार एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। उक्त बैठक में सिरोंज के सभी ठेकेदार उपस्थित थें। इस बैठक में सर्व सहमति से तोषमणी पंथी को अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर तोषमणी पंथी ने कहा कि सभी ठेकेदार अपना अपना व्यवसाय अपनी मर्जी से करें। लेकिन आपसी मन मुटाव समाप्त कर प्रति स्पर्धा से बचें। क्योकि आपसी मन मुटाव व प्रतिस्पर्धा के कारण ठेकेदार भाईयो का नुकसान होता है। यदि किसी भी शासकीय विभाग का काम अपन को मिलता है तो उस काम को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करे जिससे इस व्यवसाय में अपनी एक अलग ही पहचान बन सके। अपने काम करने पर लोग यह पूछे कि यह निर्माण कार्य कौन से ठेकेदार ने किया है। उस जगह जब ठेकेदार का नाम लिया जाता है तो अपने सिर गर्व से ऊचा होता है। ईमानदारी और कार्य के प्रति निष्ठा व समर्पण भाव के साथ कार्य करेगें तो उक्त कार्य में चार गुनी उन्नति प्राप्त होगी।

### एरण महोत्सव का शुभारंभ 14 से

**सागर।** ऐतिहासिक नगरी एरण बीना स्थित श्री नरसिंह मंदिर परिसर में 14 जनवरी को सायं 5 बजे से तीन दिवसीय एरण महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे, विशेष अतिथि के रूप में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित होंगे। महोत्सव में सांसद डॉ. लता वानखेड़े सहित क्षेत्र के विधायक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री का खुरई हेलीपैड पर हुआ भव्य स्वागत

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सागर जिले के खुरई आगमन पर खुरई हेलीपेड पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकास शाहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं जन समुदाय मौजूद था।

### पीएम अप्रेंटिशिप मेला 12 जनवरी को सागर में होगा आयोजित

**सागर।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के मार्गदर्शन में तथा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा महोत्सव के अवसर पर युवाओं को अप्रेंटिशिप के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

## थाना परिसर में हनुमान चालीसा पाठ कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

# पुलिस की टीमें गठित कर आरोपी की तलाश सतत जारीः एसडीओपी डाबर





**श्रीराम पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सकल हिंदू समाज ने किया विरोध प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

विगत दिन पूर्व नगर के पुराना बस स्टेण्ड पर भीम आर्मी द्वारा आयोजित जनसभा में दीपक बौद्ध नामक व्यक्ति द्वारा भगवान श्रीराम पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में शनिवार को सकल हिंदू समाज सहित विभिन्न हिन्दू संगठनो ने नगर के छत्री नाका चौराहा पर एकत्रित होकर शहर के मुख्य मार्गो से वाहन रैली निकालकर पुलिस थाने पहुचकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही सकल हिन्दू समाज ने पुलिस थाना परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए कलेक्टर विदिशा के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

### सनातनियों की आत्मा पर किया है प्रहार

सकल हिन्दू समाज द्वारा कलेक्टर के नाम एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 03 जनवरी 2026 थाने के पास पुरानी बस स्टेंड पर डा. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर आयोजित जन सभा के आयोजक,वक्ताओ के विरुध्द राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत कार्यावाही की मांग की। वही उन्होने कहा कि सिरोज प्रशासन द्वारा जन सभा अयोजित करने की अनुमति दी गई थी। जिसमे भीम आर्मी संगठन प्रमुखो तथा दीपक बोध के साथ कई सहियोगी लोगो द्वारा एक जन सभा का आयोजन किया गया था। थाने के एक दम पास लाउड स्पीकर पर करोडो सनातनियो की आस्था के प्राण प्रभु श्रीराम एव माता जानकी पर निंदनीय शब्दो का प्रयोग किया गया था। जिससे हम करोडो सनातनियो की आत्मा पर प्रहार करना जैसा है आयोजनकर्ता और वक्ताओ ने प्रभु श्री राम एव उनके चरित्र पर जो अशोभनीय बाते कही उस से हम सभी करोडो सनातनिये में आक्रोश भर दिया है। उक्त आयोजन और उस की गतिविधिया राष्ट्र हित में नही है। इस अयोजन से समाज में जातिय द्वैष, समाजिक वैमनस्यता को बडावा देने का काम किया है जिससे समाज की एकता, शांति एव सदभाव पर प्रतिकूल प्रभाव पडा है। वही सकल हिन्दू समाज ने मांग करते हुए कहा कि आयोजक समिति व वक्ता दीपक बोध के विरुध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर कारावास में निरुध किया जाए।

### 10 हजार की इनामी राशि घोषित

कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से सकल हिन्दू समाज सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों ने ज्ञापन देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की जा चुकी है। वही भगवान श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी दीपक बौद्ध की जानकारी देने पर पुलिस द्वारा 10 हजार रूपये की इनामी राशि की घोषणा की गई है। पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर ने बताया कि पुलिस प्रशासन आरोपी की तलाश में लगा हुए है। टीमें भी गठित की गई है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही पुलिस द्वारा आरोपी के ऊपर 10 हजार रूपया का इनाम भी घोषित किया गया है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि 3 जनवरी कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं पर भी कार्यवाही की जाए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिरोंज इकाई द्वारा तहसील कार्यालय पहुचकर प्रभु श्रीराम के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर एबीवीपी नगर मंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम संपूर्ण राष्ट्र की आस्था, संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक हैं। उनके विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी से समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। वही उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि संबंधित व्यक्ति की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एबीवीपी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई कर समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखा जाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बडी संख्या में कार्यकर्ता व छात्रगण उपस्थित रहे।



## संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चा का दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**सागर।** संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चा के द्वारा अपनी 7 सूत्रीय मांगों को शीघ्र निराकरण,कराने हेतु एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में हुए,समझौतों को अमल कराने हेतु नगर निगम नई बिल्डिंग के सामने चरण बद्ध धरना प्रदर्शन, का दूसरा दिन सफल रहा, जिसमे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर गगन भेदी नारे लगाए,एवं नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी कि शीघ्र हमारा,दो माह का वेतन समस्त कर्मचारियों को अतिशीघ्र दिया जाय। ई. अटेन्डेन्स बंद कर पूर्व की भांति हाजिरी रजिस्टर पर हाजिरी ली जाए। पूर्व का महंगाई एरियर का भुगतान शीघ्र किया जावे, पूर्व की हड़ताल के दौरान कटा हुआ 7 दिन का वेतन दिया जावे, ठेका प्रथा बंद हो तथा पूर्व की भांति सेवानिवृत होने पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जावे, क्रमोन्नति वेतन मान की लंबित फाइलों का निराकरण कर एरियर भुगतान किया जावें, शासन आदेश 18/10/2017के पालन में स्थायीकर्मी/दैनिक भोगी को 30 दिवस का अर्जित अवकाश दिया जावे एवं समस्त सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक संपूर्ण अवकाश दिया जावे एवं तमाम मांगों को सभी ने संबोधित कर समर्थन किया। इस दौरान संयुक्त सफाई कर्मचारी मोर्चे संयोजक सुदेश सनकत, सहसंयोजक कमलेश डागौर, वरिष्ठ नेता महेश सेठ करोसिया, एवं सुरेंद्र महावत के साथ महेश करोसिया, सरवन करोसिया, भोला प्रसाद करोसिया, सुदामा मछंदर, गुलाब मुखिया, बाबू मछंदर, कमलेश नरेंद्र, हेमंत सारवान, राजेश महावत, विजय महावत, रमेश वोयत, दीपक ज्ञान, रेवाराम,दशरथ, सचिन, शिवराज,मुकेश हीरालाल करोसिया, मनोज,जीवन, हेमराज राजकुमार, प्रदीप, बबलैश, नितेश,राहुल,बसंत करोसिया, मनोज, जीवन, हेमराज, राजकुमार, प्रदीप, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह ठाकुरसहित बड़ी संख्या में नगर पालिका निगम सागर के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। समर्थनकर्ता म.प्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना से पप्पू तिवारी, अज्जाक्स संघ से जिला अध्यक्ष गजेंद्र बोहत, बबलैश, छोटेलाल दिलीप, बिहारी, एच.पी हारिया, शंकर, विष्णु,महेश, दिलीप घारू, कुंदन साहू, कुलदीप चौहान, अजय,अनिल करोसिया ने किया।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित संयुक्त जांच दल ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल जिसमें तहसीलदार राहतगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला सागर जिला नापतोल अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहतगढ़ द्वारा तहसील राहतगढ़ में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया जिसमें खुरई तिराहा स्थित योगेश कैफे में एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक पाई पाई गई जिसका नमूना संग्रहित किया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की गई । एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में निरीक्षण कर साफ स्वच्छता संबंधी दिशा निर्देश दिए गए तदोपरांत भोपाल तिराहा स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

**औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गयाः सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावहारिक एवं कैरियर विकास को ध्यान में रखते हुए एक औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## सेऊ गोशाला में अनियमित्ताएंः क्षमता 180, मवेशी की 435 का भुगतान, देख-रेख और निगरानी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेऊ की गौशाला एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है।

गौ-सेवा के नाम पर अव्यवस्था, लापरवाही और संभावित वित्तीय गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने एसडीएम नटेरन को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि गौशाला में कम से कम पांच मवेशियों की हालत बेहद चिंताजनक है, जिन्हें समय पर उपचार नहीं मिला। जबकि गौशाला प्रबंधन नियमित स्वास्थ्य जांच के दावे करता रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि नियमित चेकअप हो रहा था, तो मवेशियों की स्थिति इतनी खराब कैसे हुई। सरपंच प्रतिनिधि विकेश मालवीय के मुताबिक गौशाला में सात कर्मचारी तैनात हैं, जिन्हें 8 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाता है। इसके बावजूद मवेशियों की बदहाल स्थिति निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने ज्ञापन मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि बीमार मवेशियों के इलाज के लिए पशु चिकित्सक को निर्देश दिए हैं और पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। अब देखना यह होगा कि जांच में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या मामला कागजों में ही सिमटता है।

### क्षमता से ढाई गुना अधिक मवेशी

सेऊ में संचालित दोनों गौशालाओं की संयुक्त अधिकृत क्षमता 180 मवेशियों की है, जबकि वर्तमान में यहां 435 मवेशी दर्ज बताए जा रहे हैं। यानी क्षमता से ढाई गुना अधिक मवेशी रखे गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह स्थिति पिछले सात महीनों से बनी हुई है, बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### भुगतान में गड़बड़ी के आरोप

ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति के बयान ने भी संदेह बढ़ा दिया है। उनके अनुसार शासन से प्रति मवेशी 40 रुपए प्रतिदिन की दर से राशि मिलती है, लेकिन कभी भुगतान 180 मवेशियों के हिसाब से तो कभी 400 से अधिक मवेशियों के आधार पर हो जाता है। सवाल यह है कि जब क्षमता 180 की है, तो 400 से अधिक मवेशियों का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है।

## रंगई मंदिर पर हुए भंडारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालु



**विदिशा।** रंगई मंदिर स्थित भगवान श्री दादाजी हनुमान मंदिर में बालाजी ग्रुप द्वारा विशाल भंडारी का आयोजन किया किया गया। भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

### ओवरलोड भूसे की ट्रॉली पर 1 हजार जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एसपी रोहित काशवानी ने ओवरलोड भूसे के वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत रामलीला क्षेत्र से गुजर रही एक ओवरलोड ट्रॉली पर पुलिस ने 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। ट्रॉली में भूसे की अधिक मात्रा भरी गई थी। तिरपाल बांधकर इतना भूसा लादा गया कि सड़क का बड़ा हिस्सा ढक गया। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी। आम लोगों को परेशानी हुई। ऐसे वाहनों से एक्सीडेंट का खतरा भी बना रहता है।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर की भारत माता की आरती

**हरिभूमि न्यूज . अहमदपुर।** ग्राम डंगरवाड़ा मंडल के लक्ष्मी नगर अहमदपुर खंड में 12 जनवरी सोमवार को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर व्यापक गृह संपर्क अभियान चलाया गया। मंडल के ग्राम डंगरवाड़ा, कांकरखेड़ी, रोड़ा करैया, सौथर सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों को पत्रक एवं पीले चावल देकर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु मंदिर परिसर में भारत माता की आरती हुई, जिसमें बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों ने सहभागिता कर भारत माता की जय व वंदे मातरम के जयकारे लगाए।

### संदीपनी विद्यालय में दो दिवसीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



**ग्यारसपुर।** स्थित संदीपनी विद्यालय में मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में विद्यालय में अध्ययनरत 34 पात्र विद्यार्थियों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक फॉर्म भरवाए गए इस अवसर पर ग्यारसपुर के समस्त पोलिंग बूथों के बीएलओ ध्यानचंद मांझी, जुगराज कुशवाह, कृष्णा प्रजापति, रितेश सोनी, रजनी कुशवाहा, नितेश दुबे, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, जितेंद्र रघुवंशी, सचिन मिश्रा एवं श्यामेंद्र पंथी, संजय दिवाकर की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना एवं उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय के सभी शिक्षकगण भी इस दौरान उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को मतदाता बनने के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सराहा है गया।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

शनिवार को रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि सिरोंज में भीम आर्मी के एक कार्यकर्ता द्वारा भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी से समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बिगाड़ने का कार्य करती हैं। समाज के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान रघुवंशी समाज के वरिष्ठ गजेंद्र सिंह रघुवंशी, रामनाथ रघुवंशी, प्रताप सिंह रघुवंशी मानोरा, मुन्ना लाल रघुवंशी, नरेंद्र रघुवंशी, प्रताप सिंह रघुवंशी, संजय रघुवंशी, स्वदीप रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, चंद्रमोहन रघुवंशी सहित संगठन के दर्जनों पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे।

**शीतलनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक व आदिनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक मनाया**

# शीतलधाम में 3 दिवसीय महामहोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुष्य नक्षत्र 8 जनवरी को माधवगंज पर सुबह 8 बजे से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन दवा पिलाई गई। यह आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से मुनिश्री संभवसागर जी महाराज सहित मुनिसंघ के मार्गदर्शन में हुआ। समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि दवा पिलाने के लिए विशेष तैयारियां की गईं थी। इसके तहत 50 हजार से अधिक बच्चों को दवा का सेवन कराया गया। भगवान शीतलनाथ स्वामी के जन्म कल्याणक एवं विदिशा के इष्टदेव भगवान आदिनाथ स्वामी के मोक्षकल्याणक के उपलक्ष्य में शीतलधाम में 3 दिवसीय महामहोत्सव का आयोजन मुनिसंघ के सानिध्य में किया जाएगा। सकल दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि यह आयोजन 15 से 17 जनवरी तक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न होगा।

15 जनवरी गुरुवार को प्रातः 6:30 बजे मुनि सम्भवसागर महाराज ससंघ शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन से शीतलधाम के लिए विहार करेंगे। प्रातः 8 बजे शीतलधाम में मंगल अगवानी होगी। इसके पश्चात 1008 भगवान शीतलनाथ स्वामी का 1008 कलशों से भव्य अभिषेक एवं मुनि श्री की देशना होगी। 16 जनवरी को प्रातः विधान एवं देशना



आयोजित की जाएगी। 17 जनवरी को भगवान आदिनाथ स्वामी 'बर्रो वाले बाबा' का मस्तकाभिषेक, अष्टद्रव्यों से पूजन एवं निर्वाण लाड़ अर्पण किया जाएगा। शीतलविहार न्यास एवं सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार की ओर से जन्म कल्याणक का कलश अवश्य लिखवाएं। स्वर्णप्राशन कमेटी के कार्यकर्ता घर-घर मिष्ठान लेकर बाबा की पांती हेतु संपर्क करेंगे। प्रवचन सभा में मुनिश्री सम्भवसागर महाराज ने कहा बाहर से हटकर आत्मा में डूबना ही अध्यात्म है।

उन्होंने स्वसमय और परसमय की व्याख्या करते हुए बताया कि बाह्य निमित्त मन को भटकाते हैं, जबकि ज्ञान-दर्शन-चारित्र में स्थिर होना स्वसमय है। आत्मा जब कर्म पुद्गलों को कर्ता-भोक्ता मानती है तो राग-द्वेष उत्पन्न होता है, यही परसमय है। उन्होंने कहा कि शाब्दिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक अनुभूति आवश्यक है। ध्यान के लिए पूर्व दिशा को अभयोदय की दिशा बताते हुए आत्मतत्व में लीन होने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिया में बाइक के गिरने से असि. मैनेजर की मौत

**सांची।** थाना अंतर्गत बीती रात एक युवक की अपने घर जाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई।



पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर की एक होटल में असिस्टेंड मैनेजर के पद पदस्थ युवक 33 वर्षीय सौरभ यादव पिता बृजमोहन निवासी ग्राम गुलगांव शुक्रवार की रात को ड्यूटी के बाद अपने घर (गुलगांव) जाते समय रास्ते में मोटरसाइकिल गुलगांव के पास पटकुइयां पुलिया में गिर गई। हादसे में युवक सौरभ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

ग्रामीण और परिजन युवक को युवक को 112 डायल की सहायता से सांची अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है।

### विद्यार्थियों के वोटर कार्ड बनाने लगाया शिविर

**बरेली।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं के मतदाता परिचय पत्र वोटर आईडी बनवाने के लिए दो दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पात्र छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में सम्मिलित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। शिविर का संचालन नोडल अधिकारी सुधांशु दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर एसके बख्शी की विशेष उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त बीएलओ संजय श्रीवास्तव एवं नीरज तिवारी ने शिविर के सफल संचालन में भूमिका निभाई। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं के नए मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं आवश्यक जानकारी से संबंधित कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए।

### अवैध शराब के 20 क्वार्टर समेत आरोपी गिरफ्तार

**दीवानगंज।** पुलिस को अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंबाडी गांव के रोड पर एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब बेचने ले जा रहा है। सूचना मिलते ही दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने प्रधान आरक्षक दिलीप यादव और आरक्षक संदीप रघुवंशी को मौके पर भेजा। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तभी पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ कर उसके झोले की तलाशी ली, जिसमें 20 क्वार्टर सफेद शराब पाई गई। पुलिस ने शराब ज़ब्त कर आरोपी तोरण पाल पिता दौलत पाल उम्र 40 वर्ष गांव भंवर खेड़ी हिनोतिया को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### किसान जन जागृति यात्रा का हुआ स्वागत

**रायसेन।** शनिवार को किसान जन जागृति यात्रा भोजपुर विधानसभा से शुरू होकर आज सांची विधानसभा के सिंहपुर ग्राम में पहुंचने पर हार फूलों से नेताओं का स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया। जिसमें किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या में शामिल हुए। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी है। सरकार ने जो वादे किसानों से किए थे वह आज तक पूरे नहीं हुए। किसानों को चाहे खाद कीटनाशक खरीदना हो या अपनी फसल बेचना हो उन्हें लंबी-लंबी कतारें लगाना ही पड़ता है। अगर सरकार ने किसानों की मांगों को नहीं माना तो यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को कांग्रेस नेता डॉ जी सी गौतम ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मनोज अग्रवाल प्रभात चावला, प्रेमनारायण मीणा, संतोष शर्मा, कमल गौर, जावेद अहमद खान आदि मौजूद रहे।

---

## रंगोली और महापुरुषों के चित्रों से सजाया कार्यक्रम स्थल, निकाली कलश यात्राएं

# राष्ट्र की मजबूती के लिए सभी हिंदुओं में एकता का होना जरूरी : साध्वी सरस्वती

**मुखर्जी बस्ती, चाणक्य बस्ती और ग्राम पैमत में हुआ विशाल सकल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, एक साथ बैठकर किया समरसता भोज**








हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित मुखर्जी बस्ती, चाणक्य बस्ती और ग्राम पैमत में विशाल हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलनों में मुख्य वक्ताओं के द्वारा सकल हिंदू समाज को समरसता और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को तीन जगह पर विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए इनमें मुखर्जी बस्ती, चाणक्य बस्ती और ग्राम पैमत शामिल रहे। इन विशाल हिंदू सम्मेलनों में बड़ी संख्या में सनातनियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। वहीं संतो ने समाज से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर केवल हिंदू पहचान अपनाने और सनातन संस्कृति पर गर्व करने का आवाहन किया। वर्तमान में देश की चुनौतियों का प्रकाश डालते हुए साध्वी सरस्वती दीदी ने मातृ शक्तियों से बच्चों को संस्कारवान बनाने के मुख्य विषय पर फोकस किया।

नमो पार्क में आयोजित हिंदू सम्मेलन के प्रारंभ में विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा संस्कार मंदिर से बैंड-बाजों के साथ भगवा ध्वजा लिए नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल नमो पार्क पहुंची। यहां एक विशाल पंडाल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। पंडाल को क्रांतिकारी महापुरुषों के चित्रों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कथा वाचक साध्वी सरस्वती दीदी शामिल हुईं। जिनके आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। सर्वप्रथम साध्वी सरस्वती दीदी जी ने भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत इस विशाल हिंदू सम्मेलन की शुरुआत की। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र की मजबूती के लिए हिन्दुओं में एकता का होना जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और साधुओं में कोई अंतर नहीं है। दोनों ही सनातन समाज की जागृति और हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के हिंदू सम्मेलनों से हमारे सनातन समाज में लगातार जागृति आ रही है।

### सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में लगाएं हमारा जीवन

उन्होंने कहा कि हमारा जीवन सिर्फ बच्चे पैदा करना, भोजन करना तथा आराम करने के लिए नहीं है। बल्कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हुआ है। हमारी सनातन संस्कृति और धर्म ध्वजा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य करते रहना है। उन्होंने मातृ शक्ति से आव्हान किया कि अपने बच्चों को महापुरुषों के चरित्र जैसे संस्कार दें। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में बताते हुए कहा कि संघ वह शक्ति है कि कोई भी दुश्मन हमारे देश पर आंख उठाकर देखेगा तो उसका डटकर मुकाबला करेंगे। वनवासी कल्याण परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री तिलक राज सिंह दांगी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें हिंदू संस्कृति बचाने के लिए आगे आना चाहिए और इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहना है। इस अवसर पर मंच पर स्वामी शिवोम आश्रम के स्वामी भानुदास जी महाराज, कार्यक्रम के संयोजक उमेद सिंह जी मौजूद रहे। इस दौरान आयोजित समरसता भोज शगुन गार्डन में लगभग 5 हजार से अधिक सकल हिन्दू समाज के लोगों ने समरसता भोज किया।

### निकाली कलश यात्राएं

हिन्दू सम्मेलन स्थलों पर महापुरुषों के चित्र और रंगोली सजाई गईं। वहीं सम्मेलनों के लिए विशाल कलश यात्राएं और भगवा ध्वजा यात्राएं निकाली गईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं।

### चाणक्य बस्ती में हुआ हिंदू सम्मेलन, एक साथ किया समरसता भोज

चाणक्य बस्ती में भी विशाल हिंदू सम्मेलन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें संघ के विभाग अधिकारी राजीव दीक्षित उपस्थित हुए। जबकि विशेष अतिथि के रूप में आमखेड़ा वाले संतश्री सीताराम महाराज उपस्थित रहे। आयोजित समरसता भोज में लगभग 3 हजार से अधिक सकल हिन्दू समाज के लोगों ने समरसता भोज किया।

### भारत की माटी में जन्म लेना हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य : गारगे

ग्राम पैमत में विशाल सकल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बिरौली, धनोरा, बनछोड़, वीरपुर, महूजागीर, ब्यावरा, चांदपुर आदि के हजारों की संख्या में मातृशक्ति एवं हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रांत घोष प्रमुख नितिन गारगे एवं श्रीश्री 1008 शंकरानंद जी महाराज सागरझिरी आश्रम उपस्थित रहे। सम्मेलन में विशाल भारत माता की आरती का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री गारगे ने कहा कि भारत की माटी में जन्म लेना हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिपादित पांच परिवर्तनों में विस्तार पूर्वक बताया। इन परिवर्तनों में स्वदेशी स्वतःभाव, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य आदि शामिल हैं।

उन्होंने जोर दिया कि इन सिद्धांतों को जीवन में अपना कर सशक्त भारत और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण कर सकते हैं। समाज में एकता चेतना और संस्कृति संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर आयोजित समरसता भोज में लगभग एक हजार 500 से अधिक सकल हिन्दू समाज के लोगों ने समरसता भोज किया।

---



## घने कोहरे से हुआ हादसा, आमने-सामने टकराए डंपर व 407 वाहन

### टमाटर से भरी पिकअप पलटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार-शनिवार की रात में घने कोहरे के कारण टमाटर से भरी हुई एक पिकअप वाहन सड़क किनारे जा पलटी। हादसे में वाहन चालक को मामूली चोटे आई।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 1 बजे शहर के गोपालपुर के पास सागर से टमाटर लेकर विदिशा जा रही पिकअप वाहन घने कोहरा में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे वाहन में भरे टमाटर सड़क पर फैल गए। बता दें कि शुक्रवार की रात को घना कोहरा छाया हुआ था। हालांकि सुबह के समय कुछ हद तक मौसम साफ रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आगामी दिनों में अधिक घना कोहरा छाने की संभावना है।

### हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त दो घंटे तक लगा रहा जाम



**दीवानगंज।** शनिवार सुबह करीब 7 बजे घने कोहरे के कारण भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर मिलिट्री कैंप के सामने दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हालांकि किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई।

मिली जानकारी अनुसार बालमपुर से ईंट भरकर भोपाल जा रही 407 वाहन क्रमांक एमपी 04 बायओ 8355 जैसे ही मिलिट्री कैंप के पास पहुंची थी, तभी सामने से आ रहे डंपर क्रमांक आरजे 17 जीबी 1328 ने 407 वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद हाईवे-18 पर करीब दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा।

---

## सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज, तैयारियां पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में आज रविवार को सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर आयोजकों द्वारा संपूर्ण तैयारियां की जा चुकी है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में आयोजित किए जा रहे सकल हिंदु सम्मेलन की कड़ी में नगर के सांदीपनि विद्यालय के मैदान पर हिंदु सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

रविवार को सुबह 11 ब्बजे से आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में आरएसएस के मध्य भारत प्रांत के प्रांत सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित रहेगें। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय वाल्मीकि अवार्ड से सम्मानित पूज्य संत श्री 1008 श्री अशोकदास ब्रम्हचारी जी महाराज श्रीधाम अयोध्या तथा जैन संत, इतिहास रत्नाकर, बाल ब्रम्हचारी बसंतजी महाराज सहित अन्य साधु संत भी विशेष वक्ता के रुप में मौजूद रहेगें।

आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन आरंभ होने से पूर्व 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त भारत माता की झांकी सजाई जाएगी। बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गायत्री परिवार द्वारा समरसता यज्ञ का आयोजन भी कार्यक्रम स्थल पर संपन्न होगा। आयोजकों ने सकल हिंदू समाज से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करने का आग्रह किया हैं।

---

## भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के अयोध्या वापस लौटने पर किया राजतिलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में आयोजित श्री रामलीला मेला में भगवान राम को राजतिलक की लीला और समापन पर शनिवार को भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया। साथ ही राजतिलक करने के पश्चात बैंड-बाजे, डोल नगाडों के साथ श्री रामलीला ग्राउंड से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी भरत और शत्रुघ्न के साथ साधु महात्माओं की झांकी सजाकर शोभा यात्रा निकाली गई। जो श्रीरामलीला मैदान के बाजार होते हुए गंज बाजार से गवोईपुरा, तिपट्टा बाजार से मालीपुरा, मढ़ईपुरा, नरापुरा, माता मंदिर चौराहा से होकर चतुर्वेदी निवास पहुंची। सांची मार्ग पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया।

शोभायात्रा का लोगों द्वारा पुष्प मालाओं के साथ भगवान की झांकी का स्वागत किया। वहीं भगवान के दर्शन करने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकल कर रंगोली बनाकर उनसे आशीर्वाद लेते देखे गए।

शोभायात्रा श्री हिउस में अनिल चौरसिया, मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी, संदीप दुबे, विजय सिंह राठौर, संजीव शर्मा ब्रज बिहारी मिश्रा अभिषेक शुक्ला आदि शामिल हुए।

---

## प्रभावित हो रहे निर्माण, विकास व भुगतान कार्य

# दो सप्ताह से पंचायत दर्पण पोर्टल बंद

**पोर्टल बंद से पंचायत के कार्य प्रभावित होने के साथ भुगतान की समस्या बनी हुई है।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

वर्ष 2025 के अंतिम माह और नए वर्ष 2026 में निचले स्तर पर ग्रामीण विकास और निर्माण कार्य प्रभावित होने की स्थिति बन गई है। पिछले दो सप्ताह से पंचायत दर्पण पोर्टल बंद बना हुआ है। पोर्टल बंद होने का कारण अपडेशन कार्य बताया जा रहा है।

बाड़ी जनपद पंचायत के अंतर्गत 106 ग्राम पंचायत आती हैं जिले में सैकड़ों ग्राम पंचायत हैं गांव में निर्माण और विकास कार्य चल रहे थे, फसलों की बोबनी के बाद से फसल कटाई तक ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को कोई कार्य न होने से फुर्सत में रहते हैं। इस बीच निर्माण विकास कार्यों के लिए मजदूर आसानी से उपलब्ध होते रहते हैं।

पंचायत दर्पण पोर्टल बंद होने से ग्राम पंचायत के कार्य प्रभावित होने के साथ भुगतान की समस्या भी बनी हुई है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव बनी स्थिति से भारी परेशान बने नजर आ रहे हैं।

### कार्य करने कुछ माह का समय

बारिश के बाद दीपावली दशहरा त्योहारों की अधिकता के साथ विवाहों की भी अधिकता बनी रही। फिलहाल विवाह कार्यक्रम नहीं हो रहे, किसानों द्वारा फसलों की बौनी कर सिर्फ सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। फरवरी मार्च में दलहनी फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। इस बीच के कुछ दिनों में ही ग्रामीण मजदूर मजदूरी के लिए ग्रामों से पलायन भी करते हैं। ऐसे समय में पंचायत दर्पण पोर्टल बंद होने से ग्रापं में निर्माण विकास कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है।

---

## टीआर नाहर फाउंडेशन ने जरूरतमंद व गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए

### गरीबों की सेवा सहायता के लिए सक्रिय नाहर परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में कड़ाके की ठंड के बीच टी आर नाहर फाउंडेशन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिली। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपस्थित रहे और उन्होंने नाहर परिवार व फाउंडेशन के सेवा कार्यों की सराहना की।

फाउंडेशन के संरक्षक अजय नाहर ने बताया कि संस्था शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा और मेडिकल स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है तथा शहीद परिवारों की सहायता के लिए भी संकल्पित है।यह भी बताया गया कि टी आर नाहर फाउंडेशन की स्थापना प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. सोहन नाहर ने अपने माता-पिता स्वर्गीय तेजबाई व रत्नलाल नाहर की स्मृति में की थी।

वर्तमान में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर के नेतृत्व में अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं।

हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले ने भी नाहर परिवार की सेवा भावना की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।